# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस.

# प्रारंभिक परीक्षा-2018

# सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-3)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित प्रारूप समिति के निम्नलिखित में से कौन-कौन सदस्य थे?
   (i) एन. गोपालस्वामी आयंगर
   (ii) जी.वी. मावलंकर
   (iii) सैयद मोहम्मद सादुल्ला
   (iv) पट्टाभि सीतारमैया
   (v) अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (i) (iii) (v)
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

2. 'बलात् श्रम व मानव के दुर्व्यापार का निषेध' संबंधी प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में है?
   (a) अनुच्छेद-23 (b) अनुच्छेद-24
   (c) अनुच्छेद-25 (d) अनुच्छेद-30
   (e) अनुच्छेद-33

3. भारतीय संविधान में 'राष्ट्रपति की निर्वाचन पद्धति' को किस देश के संविधान से लिया गया है?
   (a) फ्राँस के संविधान से
   (b) आयरलैंड के संविधान से
   (c) जापान के संविधान से
   (d) ब्रिटेन के संविधान से
   (e) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से

4. निम्नलिखित में से कौन 'गांधीवादी सिद्धांत' से संबंधित है?
   (i) व्यक्तिगत या सहकारी के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन।
   (ii) आधुनिक एवं वैज्ञानिक प्रणालियों के द्वारा कृषि एवं पशुपालन करना।
   (iii) गाय, बछड़ा व अन्य दुधारू पशुओं की बलि पर रोक।
   (iv) राज्य की लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करना।
   (v) स्वास्थ्य के लिये नुकसानदायक नशीली दवाओं, मदिरा, ड्रग आदि के औषधीय प्रयोजनों से भिन्न उपभोग पर प्रतिबंध।

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (i) (v)
   (d) (i) (iii) (v)
   (e) (v) (iv) (iii)

5. संसद के साधारण बहुमत के द्वारा निम्नलिखित में से किसको संशोधित किया जा सकता है?
   (i) संसद सदस्यों के वेतन एवं भत्ते
   (ii) राज्य विधानपरिषद का निर्माण या उसकी समाप्ति
   (iii) संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व
   (iv) नागरिकता की प्राप्ति एवं समाप्ति
   (v) राष्ट्रपति का निर्वाचन एवं इसकी प्रक्रिया

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (i) (ii) (iv)
   (e) (iv) (v) (i)

6. उच्चतम न्यायालय की शक्तियों एवं क्षेत्राधिकार के संदर्भ में सही क्या है?
   (i) मूल क्षेत्राधिकार
   (ii) न्यायादेश क्षेत्राधिकार
   (iii) अपीलीय क्षेत्राधिकार
   (iv) सलाहकार क्षेत्राधिकार
   (v) अभिलेखों का न्यायालय

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (v) (iv) (ii)
   (e) उपरोक्त सभी।

7. वर्तमान समय में निम्नलिखित में से किन राज्यों में द्विसदनीय व्यवस्था विद्यमान है?
   (i) छत्तीसगढ़ (ii) महाराष्ट्र
   (iii) मध्य प्रदेश (iv) आंध्र प्रदेश
   (v) राजस्थान (vi) उत्तर प्रदेश
   (vii) झारखंड (viii) तेलंगाना

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii) (iv)
   (b) (ii) (iii) (iv) (v)
   (c) (ii) (iv) (vi) (viii)
   (d) (iii) (iv) (v) (vii)
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

8. न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में प्रयुक्त होने वाली 'कोलेजियम प्रणाली' के विषय में सही क्या है?
   (i) इस प्रणाली में सदस्यों की संख्या छ: होती है।
   (ii) इस प्रणाली में भारत का मुख्य न्यायाधीश एवं उच्च न्यायालयों के पाँच अन्य न्यायाधीश होते हैं।

(iii) न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये इस मंडल की आम सहमति होनी आवश्यक है।

(iv) इस प्रणाली में सदस्यों की संख्या पाँच होती है।

(v) इस प्रणाली में भारत का मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य चार वरिष्ठतम न्यायाधीश होते है।

कूट:

(a) (i) (ii) (iii)

(b) (ii) (iii) (iv)

(c) (iii) (iv) (v)

(d) (iv) (v) (i)

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

9. संविधान संशोधन विधेयक के विषय में निम्नलिखित में से क्या सही **नहीं** है?

(i) यह विधेयक दोनों सदनों में से किसी भी सदन में प्रारंभ किया जा सकता है।

(ii) यह विधेयक केवल लोकसभा से ही प्रारंभ किया जा सकता है।

(iii) इसके लिये राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं है।

(iv) इस विधेयक के संदर्भ में संयुक्त बैठक की व्यवस्था है।

(v) राष्ट्रपति इस विधेयक पर अनुमति देने के लिये बाध्य नहीं है।

कूट:

(a) (i) (ii) (iii)

(b) (ii) (iii) (iv)

(c) (iii) (iv) (v)

(d) (ii) (iv) (v)

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (अनुच्छेद)** | **सूची-II (विषय/प्रावधान)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद-85 | (i) विनियोग विधेयक |
| B. अनुच्छेद-114 | (ii) राज्यपाल का विशेष अभिभाषण |
| C. अनुच्छेद-176 | (iii) अंतर्राज्य परिषद के संबंध में उपबंध |
| D. अनुच्छेद-263 | (iv) संसद के सत्र, सत्रावसान और विघटन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (d) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

11. निम्नलिखित द्वीपों के युग्मों में से कौन-सा एक 'दश अंश जलमार्ग' द्वारा आपस में पृथक् किया जाता है।

(a) अंडमान एवं निकोबार

(b) निकोबार एवं सुमात्रा

(c) मालदीव एवं लक्षद्वीप

(d) सुमात्रा एवं जावा

(e) इनमें से कोई नहीं।

12. गुरु शिखर पर्वत चोटी कौन-से राज्य में अवस्थित है?

(a) राजस्थान (b) गुजरात

(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

(e) छत्तीसगढ़

13. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सुमेलित कीजिये-

| **सूची-I (नदी)** | **सूची-II (शहर)** |
|---|---|
| A. गंगा | (i) पटना |
| B. ब्रह्मपुत्र | (ii) डिब्रूगढ़ |
| C. कृष्णा | (iii) विजयवाड़ा |
| D. इंद्रावती | (iv) जगदलपुर |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (c) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (e) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

14. मानसून शब्द की व्युत्पत्ति हुई-

(a) अरबी भाषा से (b) स्पेनिश भाषा से

(c) संस्कृत भाषा से (d) आंग्ल भाषा से

(e) इनमें से कोई नहीं।

15. भारत में लैटेराइट मिट्टी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

(i) यह साधारणत: लाल रंग की होती है।

(ii) यह नाइट्रोजन और पोटाश से समृद्ध होती है।

(iii) इसका विस्तार राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अधिक है।

(iv) इस मिट्टी में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

कूट:

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)

(c) (i), (iv) (d) (ii), (iii)

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

16. भोज आर्द्रभूमि स्थित है-

(a) गुजरात (b) राजस्थान

(c) उत्तर प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

(e) आंध्र प्रदेश

17. काल्पोंग जल विद्युत परियोजना अवस्थित है-

(a) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में

(b) अरुणाचल प्रदेश में

(c) मेघालय में

(d) सिक्किम में

(e) उत्तर प्रदेश में

18. निम्नलिखित में से कौन-सा मधुमक्खी पालन से संबंधित है?

(a) सेरीकल्चर (b) विटिकल्चर

(c) एपिकल्चर (d) पिसीकल्चर

(e) एरोपोनिक्स

19. भारत का सबसे महत्त्वपूर्ण खनिजपूर्ण रॉक तंत्र है-

(a) कुडप्पा तंत्र (b) धारवाड़ तंत्र

(c) गोंडवाना तंत्र (d) विंध्य तंत्र

(e) इनमें से कोई नहीं।

20. भारत के प्रथम न्यूक्लियर ऊर्जा स्टेशन की स्थापना कहाँ हुई?

(a) कलपक्कम (b) कोटा

(c) तारापुर (d) नरौरा

(e) इनमें से कोई नहीं।

21. वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में वृद्धि से पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित निम्नलिखित कथन पढ़िये-

1. इससे वाणिज्यिक बैंकों को अपने पास पहले की अपेक्षा अधिक पूंजी रखनी होगी।
2. इससे वाणिज्यिक बैंकों की साख सृजन क्षमता में कमी आएगी।
3. इससे उपभोग व्यय एवं निवेश व्यय में गिरावट होगी।
4. इससे वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में वृद्धि होगी।

सही उत्तर का चयन कीजिये-

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4

(c) 3, 4 और 1 (d) उपरोक्त सभी

(e) इनमें से कोई नहीं।

22. निम्नलिखित में से किसकी सदस्यता लेना विश्व बैंक समूह में प्रवेश की कुंजी (Key) के रूप में प्रसिद्ध है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(b) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम

(c) बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी

(d) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

23. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (संस्थान/संगठन एवं रिपोर्ट) सुमेलित नहीं है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष - वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट

(b) विश्व आर्थिक मंच - समावेशी संवृद्धि एवं विकास रिपोर्ट

(c) संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन - औद्योगिक विकास रिपोर्ट

(d) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन - वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट

(e) ओपेक - विश्व तेल परिदृश्य

24. राष्ट्रीय आय में सम्मिलित की जाने वाली प्रमुख मदों (Items) को पढ़िये-

1. संसद सदस्यों को दिया जाने वाला भत्ता
2. विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में किया गया व्यय
3. सैनिक एवं सुरक्षा सेवाओं पर किया गया व्यय
4. वैज्ञानिक खोजों में प्रयोग की जाने वाली वस्तुएँ

सही उत्तर का चयन कीजिये-

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4

(c) 3, 4 और 1 (d) केवल 3 और 4

(e) केवल 1 और 2

25. वर्तमान में भारत में 'राष्ट्रीय आय' की गणना निम्नलिखित में किसके द्वारा की जाती है?

(a) केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय

(b) नीति आयोग

(c) वित्त मंत्रालय

(d) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

26. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पादन 'धूसर क्रांति' से संबंधित है?

(a) शहद एवं फल उत्पादन

(b) रासायनिक उर्वरक उत्पादन

(c) बाँस उत्पादन

(d) केसर उत्पादन

(e) कोको उत्पादन

27. भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संलग्न 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' भारत की कुल कितनी फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी करता है?
    (a) दस फसलों के लिये
    (b) पंद्रह फसलों के लिये
    (c) बीस फसलों के लिये
    (d) बाईस फसलों के लिये
    (e) चौबीस फसलों के लिये

28. छठी पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?
    (a) हेरॉड-डोमर संवृद्धि मॉडल
    (b) पी.सी. महालनोबिस मॉडल
    (c) आगत-निर्गत मॉडल
    (d) जॉन डब्ल्यू. मिलर मॉडल
    (e) उपर्युक्त में कोई नहीं।

29. लॉर्ड एलनबरो ने दासता को कब प्रतिबंधित किया था?
    (a) वर्ष 1843 में (b) वर्ष 1872 में
    (c) वर्ष 1829 में (d) वर्ष 1891 में
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

30. निम्नलिखित में से किसने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की थी?
    (a) राजा राममोहन राय (b) रवींद्रनाथ टैगोर
    (c) वी.डी. सावरकर (d) ज्योतिबा फुले
    (e) केशवचंद्र सेन

31. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से क्राउन को स्थानांतरित किया गया था?
    (a) 1858 का भारत शासन अधिनियम
    (b) 1853 का चार्टर अधिनियम
    (c) 1861 का भारतीय परिषद अधिनियम
    (d) 1781 का संशोधनात्मक अधिनियम
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

32. वर्ष 1921 की प्रमुख घटनाएँ निम्नलिखित थीं-
    1. केरल का मोपला विद्रोह
    2. प्रिंस ऑफ वेल्स का भारत आगमन
    3. लॉर्ड रीडिंग को भारत का वाइसरॉय बनाया
    4. असहयोग आंदोलन की समाप्ति

    सही उत्तर चुनिये-
    (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
    (c) 3, 4, 1 (d) 4, 2, 3
    (e) 1, 2, 3, 4

33. बंबई में 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी' की स्थापना कब की गई थी?
    (a) जनवरी 1920 में (b) दिसंबर 1925 में
    (c) मार्च 1938 में (d) अगस्त 1940 में
    (e) फरवरी 1941 में

34. मुगलकालीन प्रशासनिक अधिकारियों में 'वाकया-ए-नवीस' निम्नलिखित में से क्या था?
    (a) जल सेना का प्रधान
    (b) सूबे के गुप्तचर विभाग का प्रधान
    (c) शाही तोपखाने का प्रधान
    (d) धार्मिक मामलों का अधिकारी
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

35. भक्ति आंदोलन के स्वामी हरिदास किस संप्रदाय से संबंधित थे?
    (a) बाउल संप्रदाय से (b) श्री संप्रदाय से
    (c) ब्रह्म संप्रदाय से (d) सखी संप्रदाय से
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

36. मुगलकाय में 'राजतरंगिणी' का फारसी भाषा में अनुवाद निम्नलिखित में से किसने किया था?
    (a) बदायूँनी (b) अबुल फज़ल
    (c) फैज़ी (d) शाह मुहम्मद शाबादी
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

37. औरंगज़ेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किसके हाथों में था?
    (a) ताराबाई (b) राजाराम
    (c) बाजीराव प्रथम (d) शिवाजी
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

38. 'अकबर के नवरत्न' में निम्नलिखित दरबारी थे-
    1. अबुल फज़ल
    2. हकीम हुकाम
    3. अब्दुर्रहीम खानखाना
    4. मुल्ला दो प्याज़ा

    सही उत्तर चुनिये-
    (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
    (c) 3, 4, 1 (d) 4, 3, 2
    (e) 1, 2, 3, 4

39. 'उत्तर मीमांसा' दर्शन के प्रवर्तक निम्नलिखित में से कौन हैं?
    (a) बादरायण (b) गौतम
    (c) जैमिनी (d) चार्वाक
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

40. तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन कहाँ हुआ था?
   (a) कुंडलवन (b) वैशाली
   (c) पाटलिपुत्र (d) राजगृह
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
41. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (सोपान एवं विषय) सुमेलित **नहीं** है?
   (a) सम्यक् दृष्टि - वस्तु के वास्तविक स्वरूप की समझ
   (b) सम्यक् वाक् - अप्रिय वचनों का त्याग
   (c) सम्यक् स्मृति - सात्त्विक भाव
   (d) सम्यक् आजीव - मानसिक/शारीरिक स्वास्थ्य
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
42. ऋग्वैदिककाल में रावी नदी को किस नाम से जाना जाता था?
   (a) परुषणी (b) आस्किनी
   (c) गोमती (d) सदानीरा
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (देवता)** | **सूची-II (संबंध)** |
|---|---|
| A. अग्नि | (i) विपत्तियों को हरने वाला देवता |
| B. सोम | (ii) आँधी-तूफान का देवता |
| C. आश्विन | (iii) वनस्पति देवता |
| D. मरुत | (iv) देवता एवं मनुष्य के बीच मध्यस्थ |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (d) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
44. निम्नलिखित में से किस जीव में शीत-निष्क्रियता **नहीं** पाई जाती?
   (a) चमगादड़ (b) कंगारू
   (c) चूहा (d) गिरगिट
   (e) इनमें से कोई नहीं
45. वर्तमान में भारत के रक्षामंत्री कौन है-
   (a) राजीव कुमार (b) अमिताव घोष
   (c) निर्मला सीतारमण (d) रघुवीर सिंह
   (e) इनमें से कोई नहीं।
46. निम्नलिखित में से कौन विश्व में वृक्षमित्र के नाम से प्रसिद्ध है?
   (a) सुंदर लाल बहुगुणा (b) चंडी प्रसाद भट्ट
   (c) बिली अर्जन सिंह (d) बाबा आमटे
   (e) इनमें से कोई नहीं।
47. वर्तमान में भारत के मुख्य सूचना आयुक्त कौन हैं?
   (a) सुधीर अग्रवाल (b) मोहम्मद एहसान
   (c) सुधीर भार्गव (d) कौशल कुमार
   (e) इनमें से कोई नहीं।
48. विश्व में पहला ब्रेल दिवस मनाया गया-
   (a) 4 जनवरी, 2019 को
   (b) 5 जनवरी, 2019 को
   (c) 28 दिसंबर, 2018 को
   (d) 25 दिसंबर, 2018 को
   (e) इनमें से कोई नहीं।
49. 150 टेस्ट मैच जीतने वाला भारत कौन-सा देश बना?
   (a) दूसरा (b) तीसरा
   (c) चौथा (d) पाँचवाँ
   (e) छठा
50. भारत के किस राज्य की शाही लीची को जी आई टैग (भौगोलिक संकेतक) दे दिया गया है?
   (a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
   (c) बिहार (d) आंध्र प्रदेश
   (e) तमिलनाडु
51. ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2018 में भारत का स्थान है-
   (a) 100वाँ (b) 101वाँ
   (c) 102वाँ (d) 103वाँ
   (e) 104वाँ
52. किसने कृत्रिम बौद्धिकता पर विश्व हैकथॉन की शुरुआत की है?
   (a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
   (b) कौशल विकास मंत्रालय
   (c) नीति आयोग
   (d) रेलवे मंत्रालय
   (e) वित्त मंत्रालय
53. दिव्यांग युवाओं के लिये वैश्विक आईटी प्रतिस्पर्द्धा, 2018 का आयोजन कहाँ किया गया था?
   (a) बंगलुरु (b) नई दिल्ली
   (c) भुवनेश्वर (d) हैदराबाद
   (e) चेन्नई

54. हाल ही में किस राज्य में ऑनलाइन ओपन लर्निंग ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म (कूल) शुरू किया गया है?
    (a) ओडिशा (b) आंध्र प्रदेश
    (c) केरल (d) कर्नाटक
    (e) इनमें से कोई नहीं।

55. एलीसा (ELISA) परीक्षण किया जाता है-
    (a) एड्स की पहचानन के लिये
    (b) क्षयरोग की पहचान के लिये
    (c) मधुमेह की पहचान के लिये
    (d) टाइफॉइड की पहचान के लिये
    (e) इनमें से कोई नहीं।

56. 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक के लेखक कौन है-
    (a) संजय बारू (b) नरेंद्र मोदी
    (c) मनमोहन सिंह (d) राहुल गांधी
    (e) अनुपम खेर

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?
    (a) रतनपुर का अंतिम कल्चुरी राजा रघुनाथ सिंह था।
    (b) मध्यकालीन मुस्लिम सत्ता की प्रशासनिक व्यवस्था से यह क्षेत्र अप्रभावित रहा।
    (c) रतनपुर के कल्चुरी नरेश परम वैष्णव थे।
    (d) रतनपुर के कल्चुरियों की आद्य राजधानी तुम्मान में थी।
    (e) तुम्मान के मंदिर के द्वार पट्टिका पर विष्णु के अवतारों का अंकन मिलता है।

58. छत्तीसगढ़ की राजस्व व्यवस्था में परगना पद्धति के जन्मदाता थे-
    (a) महीपत राव दिनकर (b) विट्ठल राव दिनकर
    (c) यादवराव दिवाकर (d) व्यंकोजी
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

59. छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को फाँसी कब दी गई थी?
    (a) 8 दिसंबर, 1857 को (b) 9 दिसंबर, 1857 को
    (c) 10 दिसंबर, 1857 को (d) 12 दिसंबर, 1857 को
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

60. छत्तीसगढ़ के ई.पू. के इतिहास को प्राप्त मुद्राओं एवं मूर्तियों के आधार पर क्रमानुसार विभाजित करने का कार्य किसने किया था?
    (a) प्यारेलाल गुप्त (b) पं. लोचन प्रसाद पांडे
    (c) मुकुटधर पांडे (d) गोपाल मिश्र
    (e) देवीप्रसाद वर्मा

61. किसने अपने स्वर्ण सिक्कों पर 'श्रीमज्जाजल्यदेव' एवं 'गजशार्दूल' अंकित करवाया था
    (a) पृथ्वीदेव द्वितीय (b) जाजल्लदेव द्वितीय
    (c) रतनदेव (d) जाजल्लदेव प्रथम
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

62. छत्तीसगढ़ में 1940 में आयोजित व्यक्तिगत सत्याग्रह के प्रथम सत्याग्रही थे-
    (a) घनश्याम सिंह गुप्ता (b) ई. राघवेंद्र राव
    (c) सुंदर लाल शर्मा (d) यति यतनलाल
    (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

63. छत्तीसगढ़ी देहाती कला मंडल (मंच) की स्थापना किसने की थी?
    (a) दाऊ महासिंह (b) दाऊ रामचंद्र देशमुख
    (c) दुलार सिंह मंदराजी (d) वरुण सेन
    (e) रमेश मेहता

64. छत्तीसगढ़ में गोंड़ जनजाति का सर्वाधिक केंद्रण किस ज़िले में है?
    (a) बिलासपुर (b) रायपुर
    (c) बस्तर (d) कवर्धा
    (e) सरगुजा

65. छत्तीसगढ़ के आदिवासियों में प्रचलित 'ठुकू' प्रथा क्या है?
    (a) देवर-भाभी का विवाह (b) जीजा-साली का विवाह
    (c) बाल विवाह (d) विधवा विवाह
    (e) इनमें से कोई नहीं।

66. पहाड़ी कोरवाओं द्वारा किया जाने वाला 'दमनच नृत्य' किस अवसर पर किया जाता है?
    (a) विवाह के अवसर पर (b) शिकार के अवसर पर
    (c) फसल कटाई पर (d) दाह संस्कार पर
    (e) इनमें से कोई नहीं।

67. रजवार भित्ति चित्रकला और दीवार अंकनकला छत्तीसगढ़ के किस अंचल से संबंधित है?
    (a) कोरबा (b) धमतरी
    (c) रायपुर (d) सरगुजा
    (e) इनमें से कोई नहीं।

68. चंदैनी लोक गायन के प्रमुख पात्र कौन हैं?
    (a) राँझा और हीर (b) दुष्यंत और शकुंतला
    (c) लोरिक और चंदा (d) नल और दमयंती
    (e) इनमें से कोई नहीं।

69. निम्नलिखित नदियों में से कौन शिवनाथ की सहायक नदी **नहीं** है?
    (a) खरखरा (b) अहिरन
    (c) अमनेरा (d) मनियारी
    (e) जमुनिया

70. 'राजीवलोचन' निम्नलिखित में से किस फसल की एक किस्म है?
(a) धान (b) गेहूँ
(c) कोदो (d) अरहर
(e) इनमें से कोई नहीं।

71. छत्तीसगढ़ की सबसे ऊँची चोटी स्थित है-
(a) मैनपाट में (b) जारंगपाट में
(c) सामरीपाट में (d) जशपुर पाट में
(e) इनमें से कोई नहीं।

72. छत्तीसगढ़ का मैदान मुख्यत: किस क्रम के चट्टान के अपरदन से निर्मित हुआ है?
(a) आर्कियन (b) कड़प्पा
(c) धारवाड़ (d) गोंडवाना
(e) इनमें से कोई नहीं।

73. खेरखेट्टा जलाशय कहाँ स्थित है?
(a) पंखाजूर (कांकेर) (b) आरंग (रायपुर)
(c) बारसूर (दंतेवाडा) (d) रतनपुर (बिलासपुर)
(e) इनमें से कोई नहीं।

74. कोडार परियोजना किस ज़िले में संचालित है?
(a) गरियाबंद (b) महासमुंद
(c) बिलासपुर (d) रायपुर
(e) रायगढ़

75. छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला ज़िला है-
(a) कोरबा (b) सरगुजा
(c) बिलासपुर (d) दुर्ग
(e) रायपुर

76. जनगणना-2011 के अनुसार छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित में से किस ज़िले में महिला-पुरुष लिंगानुपात 1000 से कम है?
(a) जशपुर (b) राजनांदगाँव
(c) नारायणपुर (d) सुकमा
(e) बालोद

77. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन सामग्री के वितरण की नियमित निगरानी के लिये चलाए जा रहे चावल उत्सव की शुरुआत कब की गई थी?
(a) फरवरी 2007 में (b) फरवरी 2008 में
(c) फरवरी 2009 में (d) फरवरी 2010 में
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

78. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत छत्तीसगढ़ में कब की गई थी?
(a) खरीफ वर्ष 2016 में (b) रबी वर्ष 2016 में
(c) खरीफ वर्ष 2017 में (d) रबी वर्ष 2017 में
(e) इनमें से कोई नहीं।

79. छत्तीसगढ़ प्रदेश के निम्नलिखित में से किस ज़िले में आदर्श मंडी की स्थापना नहीं की गई है?
(a) धमतरी (b) मुंगेली
(c) राजनांदगाँव (d) कवर्धा
(e) महासमुंद

80. पशु संगणना, 2012 के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में पशुधन संख्या (कुक्कुट एवं बतख पक्षीधन को छोड़कर) कितनी है?
(a) 1.50 करोड़ (b) 1.80 करोड़
(c) 1.90 करोड़ (d) 2 करोड़
(e) इनमें से कोई नहीं।

81. छत्तीसगढ़ राज्य पशुधन विकास अभिकरण की स्थापना कब की गई थी?
(a) नवंबर 2001 में
(b) जून 2001 में
(c) सितंबर 2002 में
(d) जून 2002 में
(e) इनमें से कोई नहीं।

82. छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायत की एक स्थायी समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में कितने सदस्य सहयोजित किये जा सकते हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं।

83. नवगठित छत्तीसगढ़ सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत राज्य के कितने किसानों का कर्ज़ माफ करने का फैसला लिया है?
(a) 17.65 लाख (b) 15.61 लाख
(c) 16.65 लाख (d) 18.50 लाख
(e) इनमें से कोई नहीं।

84. छत्तीसगढ़ में महिला शक्ति केंद्र 'अस्मिता' का शुभारंभ किस ज़िले में किया गया था?
(a) कोरबा (b) कोंडागाँव
(c) राजनांदगाँव (d) बिलासपुर
(e) इनमें से कोई नहीं।

85. हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के किस विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान (प्रतिशत में) हुआ?
(a) डोंगरगाँव (b) बीजापुर
(c) कुरुद (d) लोरमी
(e) इनमें से कोई नहीं।

86. छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था के अंतर्गत कौन-सा एक स्तर नहीं है?
(a) ग्राम सभा (b) ग्राम पचायत
(c) जनपद पंचायत (d) ज़िला पंचायत
(e) इनमें से कोई नहीं।

87. छत्तीसगढ़ में 'रमन जन पर्यटन योजना' का शुभारंभ कब किया गया था?
(a) 2 अक्टूबर, 2015 को
(b) 15 अक्टूबर, 2016 को
(c) 2 अक्टूबर, 2016 को
(d) 15 अक्टूबर, 2017 को
(e) इनमें से कोई नहीं।

88. छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारत का पहला वन स्टॉप सेंटर कहाँ शुरू किया गया था?
(a) बिलासपुर में (b) रायपुर में
(c) राजनांदगाँव में (d) दुर्ग में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

89. धान एवं दाल के उत्पादन एवं उत्पादकता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये छत्तीसगढ़ को कितनी बार 'कृषि कर्मठ पुरस्कार' मिला है?
(a) दो बार (b) तीन बार
(c) चार बार (d) पाँच बार
(e) इनमें से कोई नहीं।

90. छत्तीसगढ़ राज्य में सूक्ष्म सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर के लिये अनुदान के रूप में लघु एवं सीमांत किसानों को राज्य द्वारा कितना अंश दिया जा रहा है?
(a) 33 प्रतिशत (b) 37 प्रतिशत
(c) 50 प्रतिशत (d) 70 प्रतिशत
(e) इनमें से कोई नहीं

91. छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण में 'ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार' किस क्षेत्र के लिये दिया जाता है?
(a) पत्रकारिता (b) सहकारिता
(c) सामाजिक चेतना (d) लोककला
(e) कृषि

92. 'सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र का पुरस्कार' छत्तीसगढ़ के किस केंद्र को दिया गया है?
(a) कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर
(b) कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाडा
(c) कृषि विज्ञान केंद्र जगदलपुर
(d) कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा
(e) कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर

93. 2018 में छत्तीसगढ़ के 'पद्मश्री पुरस्कार' से सम्मानित श्यामलाल चतुर्वेदी का संबंध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से है?
(a) समाज सेवा
(b) साहित्य, शिक्षा एवं पत्रकारिता
(c) कला
(d) व्यापार एवं उद्योग
(e) इनमें से कोई नहीं।

94. छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की वर्तमान अध्यक्ष हैं–
(a) श्रीमती प्रभा दुबे (b) अनिला भेड़िया
(c) अंबिका सिंहदेव (d) संगीता सिन्हा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

95. छत्तीसगढ़ में विकास यात्रा, 2018 की शुरुआत किस ज़िले से हुई?
(a) बिलासपुर (b) कोरबा
(c) दंतेवाड़ा (d) रायपुर
(e) इनमें से कोई नहीं।

96. छत्तीसगढ़ की 5वीं विधानसभा का पहला सत्र कब से शुरू हुआ?
(a) 1 जनवरी, 2019 से (b) 2 जनवरी, 2019 से
(c) 29 दिसंबर, 2018 से (d) 4 जनवरी, 2019 से
(e) इनमें से कोई नहीं।

97. छत्तीसगढ़ के किस/किन छात्र/छात्रों को 26 जनवरी, 2019 को प्रधानमंत्री 'राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार' से नवाजेंगे–
(a) रितिक साहू (b) श्रीकांत गंजीर
(c) झगेंद्र साहू (d) उपरोक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं।

98. राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति, 2018 को राज्य में प्रभावी तरीके से लागू करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के किस ज़िले में बायोडीज़ल संयंत्र की स्थापना की जाएगी?
(a) रायपुर (b) बिलासपुर
(c) दुर्ग (d) कोरबा
(e) रायगढ़

99. छत्तीसगढ़ के किस ज़िले में रेशम उद्योग नहीं है?
(a) बिलासपुर (b) रायगढ़
(c) जाँजगीर-चांपा (d) कवर्धा
(e) इनमें से कोई नहीं।

100. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बालहृदय सुरक्षा योजना का शुभारंभ कब हुआ था?
(a) जुलाई 2007 (b) जुलाई 2006
(c) जुलाई 2008 (d) जुलाई 2009
(e) इनमें से कोई नहीं।

## छत्तीसगढ़ पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (मॉडल पेपर-3) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 35. | (d) | 69. | (b) |
| 2. | (a) | 36. | (d) | 70. | (d) |
| 3. | (b) | 37. | (a) | 71. | (c) |
| 4. | (d) | 38. | (e) | 72. | (b) |
| 5. | (d) | 39. | (a) | 73. | (a) |
| 6. | (e) | 40. | (c) | 74. | (b) |
| 7. | (c) | 41. | (d) | 75. | (b) |
| 8. | (c) | 42. | (a) | 76. | (c) |
| 9. | (d) | 43. | (d) | 77. | (b) |
| 10. | (d) | 44. | (d) | 78. | (a) |
| 11. | (a) | 45. | (c) | 79. | (e) |
| 12. | (a) | 46. | (a) | 80. | (a) |
| 13. | (a) | 47. | (c) | 81. | (b) |
| 14. | (a) | 48. | (a) | 82. | (b) |
| 15. | (c) | 49. | (d) | 83. | (c) |
| 16. | (d) | 50. | (c) | 84. | (c) |
| 17. | (a) | 51. | (d) | 85. | (c) |
| 18. | (c) | 52. | (c) | 86. | (a) |
| 19. | (b) | 53. | (b) | 87. | (b) |
| 20. | (c) | 54. | (c) | 88. | (b) |
| 21. | (a) | 55. | (a) | 89. | (c) |
| 22. | (a) | 56. | (b) | 90. | (b) |
| 23. | (d) | 57. | (c) | 91. | (b) |
| 24. | (a) | 58. | (b) | 92. | (a) |
| 25. | (a) | 59. | (c) | 93. | (b) |
| 26. | (b) | 60. | (b) | 94. | (a) |
| 27. | (e) | 61. | (d) | 95. | (c) |
| 28. | (c) | 62. | (e) | 96. | (d) |
| 29. | (a) | 63. | (b) | 97. | (d) |
| 30. | (d) | 64. | (c) | 98. | (c) |
| 31. | (a) | 65. | (c) | 99. | (d) |
| 32. | (a) | 66. | (a) | 100. | (c) |
| 33. | (b) | 67. | (d) | | |
| 34. | (b) | 68. | (c) | | |